तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 11.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

14 डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ...



14 500 से ज्यादा आयोजनों में स्टील के बर्तन देकर बना...



## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास मामले में एक और गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में एक और चौथे आरोपी हनुमानगढ़ निवासी प्रदीप उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी एएसआई प्रवीण ने बताया कि उपरोक्त आरोपी प्रदीप उर्फ टिंकू, लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में शामिल था। इस मामले में पहले तीन नामजद आरोपियों लुदास निवासी विशाल उर्फ शूटर, सोनू उर्फ बागड़ी और मुकेश उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त दो अवैध पिस्तोल और सात कारतूस बरामद किए जा चुके है।

### लोडेड पिस्तोल व चार कारतूस सहित एक काबू

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मछली मार्केट से एक व्यक्ति को काबू कर लोडेड अवैध पिस्तोल सहित चार जिंदा कारतूस बरामद किए है। उप निरीक्षक मल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मछली मार्केट रोड टी प्वाइंट पर न्यू मॉडल टाउन निवासी मक़ेसर को शक के आधार पर पकड़ा। तलाशी लेने पर मक़ेसर के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल और तीन कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का 44 हजार का चालान करके किया जब्त

### पटाखे बजाने वाली बुलेट का 40 हजार का चालान

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस ने सीआईडी चौक पर एक ब्लैक फिल्म लगी स्कॉर्पियो गाड़ी का 44 हजार रुपए का चालान कर गाड़ी को जब्त किया है। इसके साथ पुलिस ने पटाखे बजाने वाली एक बुलेट का भी 40 हजार का चालान किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिसार ट्रैफिक पुलिस द्वारा सीआईडी चौक पर एक ब्लैक फिल्म लगी स्कॉर्पियो गाड़ी का मोटर वाहन अधिनियम के तहत 44 हजार रुपए का चालान कर, गाड़ी को जब्त किया है। ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। इस संबंध में अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाता है। इसके साथ ही पुलिस पटाखे बजाने वाली बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने पर 40 हजार रुपए का चालान किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने सीआईडी चौक पर एक ब्लैक फिल्म लगी स्कॉर्पियो गाड़ी का 44 हजार रुपए का चालान कर गाड़ी को जब्त किया है।

### पुलिस पर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सेक्टर 14 के पास झुग्गियां में रहने वाली एक महिला ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि चोरी का आरोप लगाकर पुलिस ने उसके साथ मारपीट की। फिलहाल महिला को नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है।

### ज्वेलर्स की दुकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी, पुलिस कर रही तहकीकात

# चोर ज्वेलर्स की तिजोरी मोटरसाइकिल पर लादकर हुए फरार, घटना सीसीटीवी में कैद

फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट संदीप ने भी मौके पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट को अपने कैमरे में कैद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

मेन बाजार चौक में स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान से बीती रात्रि अज्ञात चोर ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। ये अज्ञात चोर दुकान में रखी जेवरातों वाली तिजोरी को ही उठा कर बाइक पर लादकर ले गए। यह घटना दुकान के पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही एसआई अनूप सिंह ने मौके पर पहुंचकर ज्वेलर्स व आसपास के दुकानदारों से इस चोरी की घटना के बारे में जानकारी लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट संदीप ने भी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का मुआवना कर चोरों द्वारा मौके पर छोड़े गए फिंगरप्रिंट को अपने कैमरे में कैद किया।

श्री महादेव ज्वेलर्स के मालिक वार्ड नंबर 3 निवासी सतीश कपूर ने बताया कि वह रविवार शाम को 7 बजे अपनी दुकान को ताले वगैरह लगाकर अपने घर चला गया था। पड़ोसी दुकानदार ने सोमवार प्रातः 4 बजकर 20 मिनट पर दुकान के ताले टूटे होने की फोन पर सूचना दी तो वह साढ़े 4 बजे दुकान पर पहुंचा तो पाया कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था और शोकेस के शीशे टूटे मिले तथा दुकान में से जेवरातों वाली तिजोरी भी गायब मिली। जब सामान को संभाला तो लगभग चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी हुई पाई गई।

रात्रि पौने दो बजे दिया वारदात को अंजाम सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार अज्ञात चोरों ने यह चोरी रविवार रात्रि लगभग पौने दो बजे की है और चोरी की इस घटना को चार-पांच अज्ञात युवकों ने अंजाम दिया है। इन अज्ञात चोरों ने चोरी की इस घटना को बिना खौप के बड़ी तसल्ली से अंजाम दिया है। ज्वेलर्स सतीश कपूर ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र चोरीशुदा सोने चांदी के जेवरातों की बरामदगी करवाए जाने की मांग की है ताकि वो अपनी दुकान का कार्य सुचारू रूप से चला सके।





**बरवाला।** चोरों द्वारा ज्वेलर्स की दुकान का बिखेरा गया सामान व ज्वेलर्स सतीश कपूर से चोरी की घटना के बारे में जानकारी लेते एसआई अनूप सिंह।

### तिजोरी खाली करके स्टेडियम में फेंककर फरार

बताया जा रहा है कि यह अज्ञात चोर ज्वेलर्स सतीश कपूर की चोरी की गई तिजोरी को खाली करके खरकड़ा मार्ग पर स्थित स्टेडियम में फेंक कर फरार हो गए हैं। यह स्टेडियम नशेड़ियों का एक अड्डा बना हुआ है। पुलिस ने ज्वेलर्स वार्ड नंबर 3 निवासी सतीश कपूर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बरवाला थाना प्रभारी ट्रेनी डीएसपी तनुज शर्मा से मुलाकात की और इस लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी की घटना का यथाशीघ्र सुराग लगवाए जाने की मांग की। थाना प्रभारी ट्रेनी डीएसपी तनुज शर्मा ने इस प्रतिनिधिमंडल को चोरी की इस घटना का शीघ्र ही सुराग लगवाए जाने का आश्वासन दिया।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने कल्याण ज्वेलर्स के पास से स्कूटी चोरी के मामले में एक आरोपी महावीर कॉलोनी निवासी सुनील को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि अर्बन एस्टेट चौकी में सेक्टर 13 हिसार निवासी हिमांशु ने 27 जनवरी 2025 को कल्याण ज्वेलर्स के पास से स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि वह गोल्ड सूक हिसार में नौकरी करता है। गत 27 जनवरी की सुबह वह अपनी ड्यूटी पर आया और स्कूटी कल्याण ज्वेलर्स के पास पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह शाम को वापस घर जाने लगा तो वहां स्कूटी नहीं मिली। जिसे किसी ने चोरी किया है। पुलिस ने दी गई शिकायत पर थाना अर्बन एस्टेट में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग अंकित कर कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा स्कूटी बरामद की है। आरोपी को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब ठेके से 21 हजार रुपये की नगदी ले उड़े चोर

दिल्ली रोड स्थित ढाणी पीरान में रविवार रात को अज्ञात चोरों ने शराब ठेके व एक आवास को निशाना बनाया और दोनों स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। अज्ञात चोर ढाणी पीरान गांव के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शराब ठेके से 21100 रुपये की नगदी तथा ढाणी पीरान गांव के समीप खेत बने मकान के अंदर खड़ी एक क्रेटा गाड़ी को चुराकर ले गए। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवास मालिक संजय यादव व शराब ठेके के कारिंदे कुलदीप की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए ढाणी पीरान निवासी संजय यादव ने बताया कि रात करीब दो बजे दो नकाबपोश युवकों ने घर की खिड़की को तोड़ कर घर में प्रवेश किया और कमरे में रखी एक अलमारी व संदूक को खंगाला लेकिन अलमारी व संदूक में कुछ नहीं मिलने पर चोर उनके घर के अंदर खड़ी क्रेटा गाड़ी को चुरा कर ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात का सुबह उस वक्त लगा जब उसका बेटा और बहू उपर से उठकर नीचे आए और उन्होंने घर में खड़ी गाड़ी गायब मिली। इसके बाद उन्होंने मेरे कमरे की बाहर से लगी कुंडी को खोल कर उसे उठाया और मामले की जानकारी दी। संजय ने बताया कि चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने से पूर्व उनके कमरे के दरवाजे के बाहर से कुंडी लगा दी थी। वहीं चोरों ने घर में लगे चार कैमरों में से तीन को क्षतिग्रस्त कर दिया लेकिन चौथे कमरे में नकाबपोश युवक गाड़ी लेकर जाते हुए नजर आ रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शराब ठेके के कारिंदे कुलदीप सिंह ने बताया कि वह रात साढ़े दस बजे अपने ठेके को बंद करने के बाद खाना खा कर करीब साढ़े 11 बजे सो गया था और सुबह करीब 6 बजे उठकर देखा तो ठेके के बाहर लगाया गया ताला टूटा हुआ था और ठेके के गल्ले में रखी 21100 रुपये की नगदी गायब मिली। उन्होंने बताया कि चोर सिर्फ गल्ले में रखी नगदी चुराकर ले गए हैं। शराब की बोतल या अन्य किसी भी सामान को उन्होंने हाथ तक नहीं लगाया।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का हुआ सम्मान समारोह

- हरियाणा बिजली पैंशनर्स एसोसिएशन का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हरियाणा बिजली पेंशनर्ज एसोसिएशन युनिट द्वारा रविवार को जींद चौक स्थित सैनी धर्मशाला में 7वां मान-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक विनोद भयाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा समारोह की अध्यक्षता राज्य महासचिव धर्म सिंह भारद्वाज ने की। इस अवसर रिटायर्ड बिजली कर्मचारियों द्वारा विधायक विनोद भ्याना को एक मांग पत्र सौंपा गया। सम्मान समारोह में राज्य महासचिव धर्म सिंह भारद्वाज, उप महासचिव शशीकान्त, रिटायर्ड बिजली कर्मचारियों ने साबर सिंह लाइनमैन हांसी, सतपाल एएफएम हांसी, रामधारी लाइनमैन ढाणी मोठ, वेदप्रकाश माजरा, रमेश कुमार जेई महेन्दा, एएफएम रामकुमार ढाणी ब्राह्मण, एएफएम महेन्द्र सिंह ढाणी राजू, एएफएम जिले सिंह सैनी मण्डी सैनियान, कांशी राम यूडीसी, बलवंत सिंह मीटर रीडर, रामेश्वर सैनी, जेई पूर्ण चन्द, इन्द्र सिंह लाइनमैन, बालाराम ड्राइवर, महावीर सिंह, एएफएम रण सिंह, एएफएम नरेन्द्र कुमार, एएफएम अशोक कुमार, जेई जगदीश चन्द्र, चालक रमेश कुमार, एएफएम राजेन्द्र सिंह, जेई सतू राम, एएफएम टेकचंद, महा सिंह लाईनमैन, उमेद सिंह लाइनमैन, जेई गजराज, हमीर सिंह एसएसए, एएफएम रामकिशन, एएफएम रामदास, जयभगवान लाईनमैन, महावीर प्रसाद एसएसए, हरख्याल एएलएम, सत्यवान एसएसए, धर्मवीर लाइनमैन, सज्जन कुमार लाइनमैन, सुशील कुमार लाइनमैन, यूडीसी बलवंत सिंह, रमेश कुमार सैनी लाईनमैन आदि को धर्मपत्नियों सहित शॉल, लोई, स्मृति चिन्ह, माला व लाकेट पहनाकर सम्मानित किया गया।



**हांसी।** रिटायर्ड जेई रमेश रोहिल्ला को सम्मानित करते एसोसिएशन सदस्य।

## थाने में दीपक हुड्डा पर हमला करते स्वीटी बूरा का वीडियो वायरल

### वीडियो 15 मार्च का महिला पुलिस थाने का बताया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा व उनके पति एवं भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा का एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो 15 मार्च को महिला पुलिस थाने का है। डेढ़ मिनट के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि स्वीटी बूरा ने थाने में दीपक हुड्डा के साथ मारपीट की थी। स्वीटी बूरा थाने में सबकी मौजूदगी में दीपक का गला दबा रही हैं। उन्हें पकड़कर झिंझोड़ रही हैं। वायरल वीडियो में स्वीटी बूरा बहुत एग्रेसिव नजर आ रही हैं। वहां मौजूद लोग जब दीपक को उनसे छुड़ाते हैं तब भी वह तेज-तेज आवाज में उंगली दिखाकर दीपक से बात करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो के आधार पर हिसार पुलिस ने स्वीटी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया था। वीडियो में 7 लोग कमरे में बैठे हुए नजर आ रहे हैं, उसमें स्वीटी बूरा ट्रैक सूट में नजर आ रही है, उसके सामने हिसार महिला थाने की एएसआई एवं जांच अधिकारी दर्शना बैठी हैं। दर्शना के साथ दीपक हुड्डा के वकील सागर नीले कोट में नजर आ रहे हैं। वकील के साथ कुर्ता पायजामा पहने दीपक हुड्डा बैठे हैं। दीपक हुड्डा के सामने और स्वीटी बूरा के साथ बूरा के वकील सफेद पेंट शर्ट में बैठे हैं। दीपक हुड्डा के साथ दो लोग और आए थे वह भी कमरे में बैठे हैं। बता दें कि गत रविवार को स्वीटी बूरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया था कि थाने में कोई मारपीट नहीं हुई। पुलिस दीपक से मिली हुई है।

## चार को सात-सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एडीजे खत्री सौरभ की अदालत ने लूट के मामले में फैसला सुनाते हुए चार दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई है। ये सभी लूट की योजना बनाते हुए हथियारों के साथ पकड़े गए थे। अदालत ने चारों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने सोमवार को जिन दोषियों को सजा सुनाई है, उनमें उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव सेही के प्रेमपाल और बंटी, फतेहाबाद के भूना के सुरेंद्र उर्फ कालू और लितानी निवासी इकबाल शामिल है। मामले के अनुसार घटना 10 जून 2021 की है। सदर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जुगलान टी प्वाइंट के सामने एक वैन में चार युवक अवैध हथियारों के साथ लूट की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मारुति वैन के ड्राइवर ने गाड़ी को अड़ा दिया।

## नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल कैद

**हिसार।** अदालत ने नाबालिगा से रेप के दोषी विक्रम निवासी भादरा को 20 साल की सजा सुनाई है। दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। दोषी नाबालिगा को घर से राजस्थान ले गया था।

इस संबंध में पीड़िता के पिता ने आजाद नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले के अनुसार आरोपी विक्रम राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की भादरा तहसील का रहने वाला है। मामला 8 जनवरी 2021 का है। पुलिस को दी शिकायत में पिता ने बताया था कि वह मजदूरी का काम करते हैं। घटना के दिन वह काम पर गए थे। घर में उनकी पत्नी और 13 वर्षीय बेटी थी। पत्नी दवाई लेकर आराम कर रही थी। इसी दौरान उनकी बेटी बिना बताए घर से चली गई। आरोपी विक्रम पीड़िता को पहले हिसार से राजस्थान के झुंझुनूं ले गया। वहां एक होटल में उसने नाबालिगा के साथ रेप किया। इसके बाद वह पीड़िता को सीकर ले गया। आजाद नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आजाद नगर थाना पुलिस ने मामले में रेप की धाराएं जोड़ीं। अदालत ने सोमवार को दोषी को 20 साल की सजा सुनाई।


## सत्संग में प्रवचन सुन हुए निहाल

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने किया अध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सोमवार सुबह बजरंग आश्रम में आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गुरु श्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने समाज की दशा का वर्णन करते हुए कहा कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाता है तो उसकी जड़ों को खाद पानी वृक्ष पर दवाई का स्प्रे किया जाता है ताकि वह वृक्ष फिर से स्वस्थ हो पाए। इसी प्रकार वैमनस्यता, स्वार्थ परायणता, भ्रष्टाचार, अशुद्ध आचरण समाज रूपी वृक्ष के रोग है जिन्हें समाप्त करने के लिए इसकी जड़ पर कार्य करना होगा और समाज का निर्माण करने वाले मानव ही इसकी जड़ हैं। उन्होंने कहा कि समाज रूपी इस वृक्ष को अगर हम फिर से स्वस्थ करना चाहते हैं तो इसके मूल मानवीय हृदय का आज ब्रह्म ज्ञान रुपी अमृत से सिंचन होगा तभी समाज का वृक्ष आनंद की छाया देने वाला और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा जिससे हम अपने मानव होने के कर्तव्य को पूर्ण कर पाएंगे और यह इस पृथ्वी के लिए हमारा सर्वश्रेष्ठ योगदान होगा।



**हांसी।** अध्यात्मिक सत्संग समागम को संबोधित करते स्वामी गुरु ज्ञानानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

**अभियान** टीम को किसी भी मेडिकल स्टोर से कोई आपत्तिजनक दवा नहीं मिली

## पुलिस व ड्रग इंस्पेक्टर ने 11 मेडिकलों का किया निरीक्षण, मची खलबली

पुलिस द्वारा जिलेभर में नशीले पदार्थों व नशीली दवाओं की बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस द्वारा जिला भर में नशीले पदार्थों व नशीली दवाएं बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को बास थाना क्षेत्र में ड्रग इंस्पेक्टर अजय कुमार थाना उप प्रबन्धक सब इंस्पेक्टर सत्यवान, फार्मासिस्ट अमरजीत के साथ बास थाना क्षेत्र में नशीली दवाओं के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न मेडिकल स्टोरों की औचक जांच की। हालांकि निरीक्षण के दौरान टीम को किसी भी मेडिकल स्टोर से कोई आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई।



**हांसी।** मेडिकल स्टोर्स की जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर अजय कुमार तथा उनके साथ हैं बास थाना उप प्रबंधक इंस्पेक्टर सत्यवान। फोटो : हरिभूमि

### दिए सख्त निर्देश

ड्रग इंस्पेक्टर अजय और बास थाना उप प्रबन्धक इंस्पेक्टर सत्यवान समेत पुलिस पार्टी मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए बास के अलग-अलग मेडिकल स्टोर्स पर पहुंची जहां उन्होंने मेडिकल स्टोर्स के स्टॉक और रिकॉर्ड का मिलान किया। इस दौरान बास गांव में 11 मेडिकल स्टोर्स की तलाशी ली, लेकिन किसी के पास से कोई आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर कहीं नशीली दवाएं बेची जाती हैं तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें। वहीं उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति नशीली दवाएं बेचते हुए पकड़ा गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष



चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

# मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ

**डॉ. मोनिका शर्मा**

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

## प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।



## सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।

असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।

## ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े



दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

## बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

## अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है। ❁

# देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य

**अनीता जैन, वास्तुविद**



देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

**कलशः** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसनः** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षतः** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दीः** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपकः** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियलः** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूपः** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोगः** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है। ❁

डाइट सजेशन

**अंशु चौहान, डाइटीशियन**

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

# व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



## इन्हें करें डाइट में शामिल



व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।

**प्रोटीन-फाइबर्सः** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

**सुबह-दोपहर में क्या लेंः** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए



नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।

**डिनर में क्या लेंः** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं। ❁

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

मेकअप

**सरिता गुप्ता**

# मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंगः** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेडः** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशनः** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूजः** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

**आईशैडोः** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिकः** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है। ❁

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?



# एकल नारी भी है सम्मान की हकदार

बदले दृष्टिकोण

**एकता शर्मा**

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।

**हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझतेः** एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

**जीने का समान अधिकारः** एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?



**मिले निजता को सम्मानः** हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा। ❁

# खबर संक्षेप



हांसी। रक्तदाता मनजीत चाहर बनभौरी को सम्मानित करते राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपड़ा के प्रिंसिपल अनिल मेहता व अन्य।

## मनजीत ने किया 18वीं बार रक्तदान बरवाला

**हांसी।** मनजीत चाहर बनभौरी ने एक बार फिर से रक्तदान करके समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। यह उनका 18वीं बार रक्तदान है, जो उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मनजीत चाहर बनभौरी ने राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में आयोजित रक्तदान शिविर में 18 वीं बार रक्तदान करके एक सराहनीय कार्य किया है। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपड़ा के प्रिंसिपल अनिल मेहता ने रक्तदाता मनजीत चाहर बनभौरी को प्रशंस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।



हिसार। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## माता का जागरण, रात भर गूंजे जयकारे

**हिसार।** न्यू राजीव नगर में बारह क्वार्टर जाने वाले रोड़ पर स्थित मां दुर्गा मंदिर में बीती रात मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर संचालक भगत रमेश कुमार ने बताया कि प्रातः हवन किया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। देर रात तक माता के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, समाजसेवी संतलाल मेहता, तिलकराज ढींगड़ा, सुरेश नांगरु आदि मौजूद रहे।

## साइक्लोथॉन में अधिक से अधिक लोग भाग लें

**हांसी।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान साइक्लोथॉन 2.0 की शुरुआत 5 अप्रैल को हिसार जिले से की जाएगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम राजेश खोथ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में इस साइक्लोथॉन में भाग लें और नशा विरोधी अभियान को सफल बनाएं।

# भाटला गांव में लड़की के जन्म पर नौ महिलाओं ने एक साथ किया कुआं पूजन

■ परिजनों बेटी के जन्म पर नाच गाकर खुशी का इजहार किया

**पहल**

- महिला एवं बाल विकास विभाग की नई पहल
- लडके और लड़की में नहीं करना चाहिए भेदभाव, लड़की होने पर भी मनानी चाहिए खुशियां : संवेदना यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को बरवाला रोड़ स्थित गांव भाटला में 9 महिलाओं के घर लड़की पैदा होने पर सामूहिक कुंआ पूजन कार्यक्रम का आयोजन परिजनों बेटी के जन्म पर नाच गाकर खुशी का इजहार किया। गांव में किए गए सामूहिक कुंआ पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की सुपरवाइजर संवेदना यादव ने की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए संवेदना यादव ने कहा कि आज बेटियां, बेटों से कहीं ज्यादा कामयाब व होनहार हैं और हर क्षेत्र में अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लड़के व लड़की में भेदभाव नहीं करना चाहिए। लड़की होने पर भी खुशियां मनानी चाहिए। वहीं कुंआ पूजन करने वाली महिलाओं ने कहा कि हमें गर्व है कि हमें पहली संतान के रूप में बेटी प्राप्त हुई। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला की मुख्याध्यापिका सुषमा, अध्यापिका सुमन, मीरा, गीता, पूनम, मंजू व आंगनवाड़ी वर्कर्स मीनाक्षी सोढ़ी, राजपति, मुकेश, बीरमती, कृष्णा, सुनीता, हेल्पर निर्मला, आशा वर्कर सुमन, आशा सहित काफी संख्या में गांव की महिलाएं भी मौजूद थी।



हांसी। बेटी के जन्म पर कुआं पूजन के साथ सुपरवाइजर संवेदना यादव।

### इन महिलाओं ने एक साथ किया कुआं पूजन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को कन्या जन्म पर करवाए गए कुआं पूजन में सुशीला, मनीता, दीपू, सोनिया, प्रियंका, ज्योति, रविना नीतू व कविता ने एक साथ कुंआ पूजन कर एक नई परंपरा की शुरुआत की।

यह रहें उपस्थित

## अखिल भारतीय सेवा संघ का सेवा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# सेवा कार्यों में अग्रणी रहकर काम कर रहा अखिल भारतीय सेवा संघ : इन्द्र

■ विभिन्न शाखाओं ने इस वर्ष के सेवा कार्यों का ब्यौरा दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



हिसार। सदस्यों को सम्मानित करते प्रांतीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय सेवा संघ का वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन एवं सेवा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े राज्यभर के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान राज्यभर की विभिन्न शाखाओं ने अपना इस वर्ष के सेवा कार्यों का ब्यौरा दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल ने की जबकि महासचिव विनोद धवन एवं जतिन वधवा ने संचालन किया। संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रांतीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल ने कहा कि हमारा संगठन सेवा कार्यों में अग्रणी रहकर काम कर रहा है, जो सराहनीय है। प्रांतीय मीडिया सलाहकार राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक सावित्री जिंदल के प्रतिनिधि प्रवीण जैन, पार्षद भीम महाजन व संजय डालमिया, समाजसेवी राजेश बंसल व एनके गोयल व मशहूर चिकित्सक डॉ. तरूण छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन हिसार शाखा के संरक्षक सुशील गोयल, अध्यक्ष सुमित मित्तल, सचिव संजीव राजपाल, कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा व शाखा के सदस्यों की ओर से किया गया। कार्यक्रम के संचालन में महिला अध्यक्ष सुरूचि असीजा व सचिव अंजलि भाटिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों को सेवा कार्यों में अग्रणी रहने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संगठन सचिव सुधीर धवन, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वधवा, महेन्द्र सेतिया व मुकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता, सचिव संदीप भाटिया, महेन्द्र सैनी व प्रविन्द्र ठठई, राजेन्द्र सपड़ा, राजेश गर्ग, राजेन्द्र गर्ग आदि मौजूद रहे।



हांसी। जेसीआई चौक का अवलोकन करते जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोयंबटूर अशोक भट्ट।

## जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया हांसी जेसीआई चौक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोयंबटूर निवासी अशोक भट्ट ने सोमवार सुबह हांसी पहुंच हांसी जेसिज द्वारा नव निर्मित जेसीआई चौक का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें हांसी जेसीज पर गर्व है जिन्होंने हांसी में इतने भव्य जेसीआई चौक का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि ऐसा जेसीआई चौक पूरे भारत में कहीं नही है। उन्होंने जेसीआई द्वारा संचालित स्थाई प्रोजेक्ट मोक्ष वाहन, डीप फ्रिज, सिलाई सैन्टर का भी दौरा किया। इस अवसर पर शहर में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए जेसीआई हांसी के संस्थापक सदस्य व नगर परिषद हांसी के वाईस चेयरमैन अनिल बंसल सहित प्रधान राजेश बंसल, जेसीआई फोर्ट के प्रधान सर्वेश सैनी व पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन लाल बंसल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेसी विजय गोयल, जेसी प्रधान राजेश बंसल, जेसी प्रधान सर्वेश सैनी, जेसी अनिल बंसल वाइस चेयरमैन नगर परिषद हांसी, मोहन लाल बंसल, अमित गामड़ियि, सतीश वर्मा, मनोज गर्ग, लक्ष्मीकान्त, रामअवतार गोयल, रिंकू पंसारी, राहुल आदि रहे।

# टीबी से घबराएं नहीं, इलाज करवाएं, 6 महीने में ठीक हो जाएगी: डॉ. फतेह सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



हिसार। किरतान में टीबी मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर किरतान में कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर डॉ. फतेह सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है। टीबी से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। टीबी उपचार से मात्र 6 महीने में बिल्कुल ठीक हो जाती है। इनके लक्षण का देखें तो दो सप्ताह से अधिक खांसी आती हो या फिर बुखार हो खून आता हो या आपको सांस फूलता हो तो चिकित्सक से जरुर चेक कराना होता है। यह टीबी के लक्षण बुखार वजन भूख कम रात को पसीना, बलगम, खून आता हो सकते हैं। सरकार मुफ्त दवाई देती है। इसके अलावा फल फ्रूट और पोशाहार लेना चाहिए।

## गुजवि में बिजनेस मॉडल प्रदर्शनी आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी नवीन व्यावसायिक रणनीतियों और उद्यमशीलता कौशल को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, जहां वे वैश्विक व्यापार से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी में एमबीए, बीबीए और प्रबंधन के विद्यार्थी लेंगे, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निर्यात-आयात समाधान पर मॉडल प्रस्तुत करेंगे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं मैनेजमेंट की सीख देती हैं : सदानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी आदमपुर



मंडी आदमपुर। लखीराम धर्मशाला में प्रवचन करते स्वामी सदानंद महाराज।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं मैनेजमेंट के लिए कई सीख देती हैं, जैसे कि नेतृत्व, लचीलापन, और समस्या समाधान। उनकी लीलाएं हमें सिखाती हैं कि कैसे मुश्किल परिस्थितियों में भी शांत और दृढ़ रहना है। जब इंद्रदेव ने ब्रज में भारी बारिश की, तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी को बचाया, जो एक नेतृत्व क्षमता का उदाहरण है। यह बात प्रणामी मिशन के प्रमुख संत स्वामी सदानंद महाराज ने लखीराम धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत व श्रीकृष्ण कथा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रवचन के दौरान कही। कालिया नाग लीला की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा जब श्रीकृष्ण ने कालिया नाग को शांत किया, तो उन्होंने अपनी शक्ति और साहस का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार श्रीकृष्ण ने नटखट लीलाएं करके मानव को संदेश दिया कि कैसे चुनौतियों का सामना करने के लिए लचीला रहना चाहिए। श्रीकृष्ण ने राक्षसी पूतना के वध करके दिखाया कि कैसे मुश्किल परिस्थितियों में भी दृढ़ रहना चाहिए।



हांसी। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी का स्वागत करते जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## जिला अध्यक्ष सैनी को ज्ञापन सौंपकर हांसी को पूर्ण जिला बनवाने की मांग उठाई

**हांसी।** हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक महंत सागर नाथ के सान्निध्य में गोसाई गेट स्थित हांसी जिला समिति मुख्य कार्यालय में जिला संघ संचालक कृष्ण यादव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त हांसी भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी का अभिनन्दन किया गया। सैनी ने कहा कि मुझे हांसी भाजपा का जिलाध्यक्ष मनोनित करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हांसी पूर्ण प्रशासनिक जिले की ओर अग्रसर है। अब हम पुलिस जिला बनने के बाद, पूर्ण प्रशासनिक जिले की ओर एक कदम आगे बढे है। बैठक में समिति कोषाध्यक्ष ओपी मुंजाल, उपाध्यक्ष कर्ण सिंह राठौर, लीलू राम फौजी, कृष्ण यादव फौजी, सूबेदार जोगीराम, जयवीर फौजी, उमेद सिंह फौजी, प्रो. कवल सलूजा, प्रिंसिपल अमीलाल पाली, हैडमास्टर भरत सिंह, रमेश भुटानी, सरदार कृष्ण एलावादी, किशोरी लाल नागपाल, कलीराम सैनी, रामलाल न्यौलिया, जिले सिंह धूपिया आदि मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा धर्मशाला में रक्तदान शिविर, 203 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



हिसार। शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

विश्वकर्मा धर्मशाला में जांगिड़ सुथार शिक्षा एवं कल्याण समिति हिसार ने दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में शहर के रक्तदाताओं से 203 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। शिविर की देखरेख सर्वेश अस्पताल व नागरिक अस्पताल की मेडिकल टीमों ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदाताओं ने बढ़चढकर भाग लिया और आयोजनकर्ताओं ने उनकी प्रशंसा कर प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर सर्वेश अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर हरीश भारद्वाज, जांगिड़ सुथार शिक्षा समिति के प्रधान प्रताप सिंह जांगड़ा, सचिव ब्रह्मप्रकाश जांगड़ा, कैशियर अमी लाल जांगड़ा, जिला प्रधान जांगिड़ सभा उदय सिंह व सुरेश कुमार जांगड़ा, महेंद्र सिंह जांगड़ा सुरेंद्र जांगड़ा भगाना सहित विश्वकर्मा धर्मशाला हिसार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



हांसी। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया

हांसी। हैप्पी पब्लिक स्कूल में सोमवार को नवरस संगम मनोभावों का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईपीएस विजय प्रकाश, सुनीता शर्मा वर्ल्ड मेडलिस्ट व भीम अवार्डी, पूजा सिहाग ब्रांज मेडल कॉमनवेल्थ गेम 2022, डॉ मोनिका गोल्ड मेडलिस्ट व साइंटिस्ट ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। पहली भारतीय महिला प्रशिक्षक उषा शर्मा सिहाग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र बेरवाल ने स्कूल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र बेरवाल द्वारा छात्राओं व अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया व यूकेजी कक्षा से यश के अभिभावक को लक्की पेरेंट्स के रूप में चुना गया। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले प्रो. बिश्नोई

# आपात स्थिति में सही समय पर मिलने वाली प्राथमिक चिकित्सा जीवन बचाने में सहायक

■ सुरेंद्र श्योराण द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर लिखी गई एक पुस्तक का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार





हिसार। प्रशिक्षण कार्यशाला में सुरेन्द्र श्योराण द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान परिवेश में हम सभी को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी होनी चाहिए। आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर मिलने वाली प्राथमिक चिकित्सा किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकती है। जीव रक्षा व पर्यावरण सरंक्षण मानव जीवन का मुख्य सिद्धांत होना चाहिए। गुरु जंभेश्वर जी महाराज ने भी यही संदेश दिया है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई सोमवार को विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी (वाईआरसी) तथा जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से आयोजित एक दिवसीय बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में हृदयघात की घटनाएं सामने आ रही हैं, इसके कारण कुछ भी हो सकते हैं। ऐसे में सीपीआर के बारे में उचित जानकारी से पीड़ित व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। कुलपति ने मानव मॉडल डम्मी पर सीपीआर की प्रेक्टिकल भी की। प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर हुई इस एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की यूथ रैडक्रॉस सोसायटी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महाबीर प्रसाद ने की। कार्यशाला में सुरेंद्र श्योराण तथा जिला रैडक्रॉस सोसायटी से आए प्रशिक्षक कुलदीप ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र श्योराण द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर लिखी गई एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यशाला में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा में विशेषकर सीपीआर के बारे में बताया।



## आर्यनगर व बालसमंद में किया जागरूक

**हिसार।** विश्व क्षय रोग दिवस पर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा दो दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम आर्यनगर एवं बालसमंद में आयोजित किया गया। इसमें वैज्ञानिकों द्वारा जुनोटिक टीबी के लक्षण एवं मनुष्य में बचाव के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारियां प्रस्तुत की गई। पशु चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा पशुओं में टीबी की जांच के लिए उपस्थित सुविधा के बारे में भी वैज्ञानिकों द्वारा लोगों को अवगत करवाया गया।

# हरियाणा सुपर शो परीक्षा में देव जिले में प्रथम



देव कुमार।

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर के देव कुमार ने हरियाणा सुपर शो परीक्षा में भाग लेते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने 146 अंक प्राप्त किया। इससे पूर्व देव कुमार राष्ट्रीय सैनिक स्कूल में भी अच्छा प्रणाम प्राप्त किया था। देव कुमार मॉडल संस्कृति स्कूल मंडी आदमपुर की दसवीं कक्षा का विद्यार्थी है तथा हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई सुपर शो परीक्षा में सरकारी स्कूल के बच्चे ही भाग लेते हैं। यह परीक्षा पास करने के बाद नीट की तैयारी सरकार द्वारा कराई जाती है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल तथा स्टाफ सदस्यों ने देव कुमार को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 122 लोगों की जांच

**हिसार।** टीबी अस्पताल हिसार के सहयोग से विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष में सेक्टर-14 स्थित झुग्गी झोपड़ी में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रविन्द्र लोहान ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 122 व्यक्तियों के स्वास्थ्य जांच की गई।

**NOTICE**

I, Jai Parkash S/o Sh. Suraj Bhan R/o H.No. 2, Housing Board Colony, Vidyut Nagar, Hisar Haryana declare that I have changed my name from Jai Parkash Budania to Jai Parkash for all future purposes and my wife has also changed her name from Sanju Budania to Sanju Chaudhary for all future purposes.

**खबर संक्षेप**

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसले पर रोष जताया

**हिसार।** जनवादी महिला समिति इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच द्वारा पोक्सो एक्ट के तहत एक नाबालिग बच्ची के मामले में दिये गये फैसले की घोर निन्दा की है। समिति ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार इस फैसले के खिलाफ अपील करे। इस फैसले बारे जनवादी महिला समिति जिला हिसार की प्रधान शकुन्तला जाखड़, सचिव बबली लाम्बा, कोषाध्यक्ष निर्मला और जिला कमेटी के सभी सदस्यों ने संयुक्त बयान कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की एकल पीठ द्वारा दिया गया निर्णय बेहद त्रुटिपूर्ण और दोषपूर्ण है।

## सीटीएम ने शिविर में सुनी शिकायतें

**हिसार।** लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सोमवार को सीटीएम हरिराम ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण पेंशन और राशन कार्ड से संबंधित समस्या आई। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। सीटीएम ने बताया कि नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठा अपनी समस्याओं का निदान करवा रहे हैं। इस अवसर पर कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर रेट-2025 का प्रारूप जारी

**हिसार।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त के दिशा-निर्देशों के अनुसार हिसार के विभिन्न क्षेत्रों के कलेक्टर रेट का प्रारूप जारी कर दिया है। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि कलेक्टर रेट-2025 का प्रारूप आपत्ति एवं शिकायतों की प्राप्ति के लिए वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति को कलेक्टर रेट के संबंध में कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वह 27 मार्च तक अपना ऐतराज दर्ज करवा सकता है। इसके उपरांत अंतिम प्रकाशन के लिए आगामी आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### आशा वर्कर्स सड़क पर उतरी, मांगों की अनदेखी का आरोप

# डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी, ज्ञापन सौंपा

**यूनियन ने चेतावनी दी मांग और समस्याओं का समाधान नहीं किया तो पूरे देश में आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिलेभर की आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटरों ने सोमवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन भेजा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उनकी मांगों के प्रति अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन आशा वर्कर्स व फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की जिला सचिव अनीता, उषा, सुमन, नीता, कृष्णा, सीमा धीरणवास, सीमा, रावलवास, पूनम टोकस, सीटू के जिला सचिव मनोज कुमार किया। यूनियन ने चेतावनी दी कि आशा वर्कर्स की मांग और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पूरे देश में आशा वर्कर्स का बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इससे पूर्व वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ाती है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। आशाओं के काम केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बढ़ा रही है। आशा वर्कर से फील्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सारे कार्यों को करते हुए उनका रखरखाव रखने का दबाव बनाया जाता है और अब तो सरकार ने हद ही कर दी है आशा वर्कर्स को बिना कोई प्रोत्साहन राशि दिए डिजिटल कार्य भी करवा रही है जिस देश की तमाम 10 लाख आशा वर्कर्स बहुत परेशान है।




**हिसार।** अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### राज्य सरकार से मांग

- वर्ष 2023 में आशा वर्कर्स की हड़ताल के दौरान 73 दिन के काटे गए मानदेय का तुरंत भुगतान किया जाए।
- राज्य स्तरीय समस्याओं का समाधान करने के लिए आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल के साथ हरियाणा सरकार वार्ता करके राज्य के स्तर की समस्याओं का समाधान करे।

### केंद्र सरकार से आशा वर्कर्स की मांग

- एनएचएम को स्थाई प्रोग्राम बनाकर आशा वर्कर को पक्का कर्मचारी बनाया जाए। जब तक पक्का कर्मचारी नहीं बनाया जाता तब तक 45वें 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश को लागू करते हुए आशाओं को न्यूनतम वेतन 26000 दिया जाए।
- पूरे देश में एक समान कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित की जाए।
- 6 माह का सवेतन मातृत्व अवकाश, 20 दिन का आकस्मिक अवकाश और चिकित्सा अवकाश सुनिश्चित किया जाए।
- आशा कार्यकर्ताओं की वरिष्ठता के आधार पर अन्य पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित की जाए।
- सभी पीएचसी./सीएचसी और अस्पतालों में 'आशा विश्राम कक्ष' बनाए जाए।
- डिजीटलीकरण के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले टैबलेट, डेटा पैक, नेटवर्क और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाई जाए।
- सभी तरह के ऑनलाइन काम के आशा वर्कर्स को इंसेंटिव दिए जाए।

# श्री श्याम मंदिर हांसी का महोत्सव 25 मई से शुरू

- कन्हैया मित्तल व गायक साध्वी पुर्णिमा करेंगी बाबा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री श्याम भवन ट्रस्ट में सोमवार को श्री श्याम मित्र मण्डल व श्री श्याम मंदिर सभा की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन प्रधान जगदीश राये मित्तल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में 53वां अष्ठ दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम महोत्सव 25 मई से एक जून तक मनाने का कार्यक्रम निर्धारित हुआ। मंदिर सभा सदस्य विनय जैन ने बताया कि 25 मई को श्री श्याम मंदिर प्रांगण में प्रातः सुबह 7 बजे से श्री श्याम अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। 26 मई को श्री श्याम नाम की मेहन्दी, 27 मई को कलश यात्रा, 28 मई को निशान यात्रा, 29 मई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा व इस्कॉन मन्दिर चंडीगढ़ द्वारा हरि नाम नगर संकीर्तन के द्वारा नगर परिक्रमा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 मई को शोभा यात्रा तथा 31 मई रात 9 बजे को पीसीएसडी स्कूल के ग्राउंड में श्री श्याम बाबा के जागरण का आयोजन किया जाएगा, जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल सहित देश के प्रसिद्ध भजन गायक बाबा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर मंदिर प्रवक्ता राघव गोयल, पप्पू खरड़िया, सुनील जैन, गौरव जैन, सुनील मित्तल उर्फ बल्लू, पुनीत जैन, अजय कंबीरी, लक्ष्मीकान्त गर्ग, भरत लाल शर्मा, अमित बंसल, अनिल गोयल व मनमोहन तायल आदि सहित सभी मंडल सदस्य उपस्थित थे।

### सुभाष मित्तल बने श्रीश्याम जन कल्याण ट्रस्ट के प्रधान

**हिसार।** श्रीश्याम जन कल्याण ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के प्रधान अर्जुन सिंगल व सरपरस्त घनश्याम दास की अध्यक्षता में हुई। इसमें अगले वर्ष के लिए ट्रस्ट का नए प्रधान का चुनाव कराया गया। सर्वसम्मति से सुभाष मित्तल को संस्था का नया प्रधान चुना गया। अर्जुन सिंगल को सरपरस्त बनाया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि हर माह के अंतिम रविवार को मेडिकल कैम्प लगाया जाएगा। कैम्प में अनेक अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं दिया करेंगे। बैठक में दीपक अग्रवाल, सोनू गुप्ता, कमल गोयल, रामअवतार कंदोई, प्रवीन बंसल, अमित गर्ग, कृष्ण बंसल, राहुल आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** श्रीश्याम जन कल्याण ट्रस्ट के नए प्रधान सुभाष मित्तल का स्वागत करते श्याम प्रेमी।

# प्रशिक्षण से आत्मविश्वास बढ़ता है: प्रो. काम्बोज

- हरियाणा कृषि विवि में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के 450 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मिनिस्ट्रियल स्टाफ को समय प्रबंधन, दैनिक कार्य और कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा वरिष्ठ कर्मचारियों, सह-कर्मियों के प्रति बेहतर व्यवहार विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिनिस्ट्रियल स्टाफ के 450 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों एवं अधिकारियों के साथ।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षणों से कर्मचारियों की कार्य कुशलता में वृद्धि, नई तकनीकों की जानकारी और प्रक्रियाओं को अपनाने में मदद मिलेगी।

प्रशिक्षण से उत्पादकता एवं गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों में आपसी सामंजस्य स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से कर्मचारियों में नेतृत्व क्षमता, मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है।

टीम वर्क के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों और नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में सुधार आएगा।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को इसलिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपने कार्यों को पूरी दक्षता एवं बेहतर ढंग से कर सकें। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रेणु मुंजाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।

मंच का संचालन डॉ. योगेश जिंदल ने किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डॉ. अनुराग ने सभी का धन्यवाद किया।

# डेयरी व्यवसाय को फायदेमंद बनाने के लिए पशु की नस्ल का चुनाव महत्वपूर्ण

- लुवास में डेयरी फार्मिंग में कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग में पशुपालकों के लिए डेयरी फार्मिंग कौशल विकास के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप योजना के तहत आयोजित है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरा वेटरनरी साइंस के निदेशक डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि व उनके साथ पशुचिकित्सा महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, प्रोफ़ेसर डॉ. सतपाल दहिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि डेयरी व्यवसाय को फायदेमंद बनाने के लिए पशु की नस्ल का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण होता है।



**हिसार।** प्रशिक्षनार्थियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार।

# क्लासरूम प्रबंधन और बच्चों को नियंत्रित करने के टिप्स दिए

- लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता की भूमिका ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्राचार्य दिनेश मेहता व न्यू हिंद पब्लिक स्कूल हिसार की प्राचार्य रितु ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा ने मुख्यातिथियों व सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान व एमएलबी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शमीम शर्मा व निर्देशक डॉ. नीलम प्रभा तथा अध्यक्ष भारत भूषण प्रधान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। डॉ. दिनेश मेहता द्वारा क्लासरूम प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए एवं बच्चों को किस तरह से नियंत्रित करना चाहिए संबंधी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से रूबरू करवाया गया।



**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने दिव्य-सुदर्शन क्रिया फॉलोअप का आयोजन किया

- साधकों के साथ सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई द्वारा साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने के लिए योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की पवित्र वाणी में दिव्य-सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि सत्र में नवनिर्वाचित मेयर प्रवीन पोपली ने उनकी पत्नी मंजू पोपली एवं आर्ट ऑफ लिविंग साधकों के साथ साप्ताहिक फॉलोअप में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर परीक्षित आर्य ने बताया कि सुदर्शन क्रिया के अभ्यास के पश्चात नीरज गुप्ता, महावीर अग्रवाल, संजीव अरोड़ा द्वारा प्रवीन पोपली को शॉल ओढ़ाकर एवं मुंह मीठा करवाकर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। मंजू पूरी एवं स्मिता द्वारा मंजू पोपली को पटका डालकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी साधकों ने मिलकर मेयर को गुरुदेव का स्वरूप भेंट किया गया।



**हिसार।** मेयर प्रवीन पोपली को सम्मानित करते आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारी।

# निवेश बाजार में बढ़ते फ्रॉड चिंता का विषय : डॉ. बजाज

- जाट कॉलेज में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त सौजन्य में आयोजित हुआ। जानकारी देते हुए डॉ. सुशील बजाज ने बताया कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से डिप्टी मैनेजर हरिओम वर्मा ने विशेषज्ञ के तौर पर इस कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निवेश बाजार में नित-प्रतिदिन हो रहे फ्रॉड चिंता का विषय है तथा उनसे बचने के लिए निवेशक का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। बढ़ते निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में निवेश बाजार भारत को पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने में मील का पत्थर साबित होगा। निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह, डॉ नेहा डांगी, प्राध्यपिका चेतना ढुल, डॉ. राकेश शर्मा, कुलदीप मौजूद रहे।



**हिसार।** विद्यार्थियां को संबोधित करते डॉ. सुशील बजाज। फोटो :हरिभूमि

## सुखदेव छान प्रधान और सोनू बोबुआ बने सचिव

**बरवाला।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा ब्लॉक बरवाला की मीटिंग मंडी मार्ग पर स्थित किसान रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग में बरवाला ब्लॉक की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई जिसमें सुखदेव छान को ब्लॉक बरवाला का प्रधान और सोनू बोबुआ को सचिव तथा मोनू सुलखनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रमेश को सामग्री सचिव और विक्की सांगा को ज्वाइंट सेक्रेटरी तथा बलजीत ब्याना खेड़ा को उपप्रधान नियुक्त किया गया है। वहीं रणबीर नंबरदार व सुशील कुंभा खेड़ा को सदस्य के तौर पर चुना गया है। इस मौके पर राज्य अध्यक्ष मनदीप सिंह नाथवान, महासचिव संदीप सिवाच, दिलबाग बोबुआ, नरेश लोहान, प्रेम सिंह, दीपक, नीतीश, राजबीर, धर्मबीर, जितेन्द्र, कर्मबीर व राजेंद्र आदि रहे।


हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार

फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005


### डॉ. रमेश भाटी बर्तन बैंक का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करना

# 500 से ज्यादा आयोजनों में स्टील के बर्तन देकर बना चुके प्लास्टिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ग्रीन हिसार फिट हिसार के संचालक डॉ. रमेश भाटी पांच वर्षों से पौधरोपण का कार्य हर रोज सुबह दो घंटे शहर में अलग-अलग जगह पर करने के साथ-साथ स्टील का निःशुल्क बर्तन बैंक भी चला रहे हैं। इस बर्तन बैंक का उद्देश्य पर्यावरण से सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल को खत्म करना है, जो पर्यावरण के लिए बेहद घातक है। पिछले पांच वर्षों में हिसार, बरवाला,हांसी और आसपास के गांव में होने वाले बड़े आयोजन जैसे भंडारा, सत्संग, सवामणी, रस्म पगड़ी शादी, शोक सभा, आदि 500 से ज्यादा आयोजनों में स्टील के बर्तन देकर उन्हें प्लास्टिक मुक्त बना चुके हैं।

यहां तक कि हिसार शहर से अलग-अलग धार्मिक जगह पर जाने वाली बस सर्विस भी इनके बर्तन बैंक से स्टील के बर्तन लेकर जाती है ताकि दर्शनीय स्थलों, पहाड़ों, पर्वतों पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। जो बड़े आयोजन होते हैं, उनमें हजारों की संख्या में सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल का प्रयोग होता है, अब तक लगभग पांच लाख से ऊपर डिस्पोजल को इस वातावरण में खुलने से डॉ. रमेश भाटी इस मुहिम से बचा चुके है। उनका कहना है कि हर इंसान को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि सिंगल यूज प्लास्टिक गलता नहीं है और बहुत लंबे समय तक ऐसे ही धरती पर ही पड़ा रहता है। एक डॉक्टर होने के नाते वह बताते हैं कि अगर प्लास्टिक को जलाया जाता है तो उससे निकलने वाली क्लोरोफ्लोरोकार्बन ग्रीनहाउस गैस से कैंसर जैसी भयानक बीमारियां होती हैं।



**हिसार।** बर्तन बैंक की सेवा करते सेवादार। फोटो :हरिभूमि

### 1500 स्टील के बर्तनों का सेट उपलब्ध

रमेश भाटी आह्वान करते हैं कि आओ मिलकर अपनी धरती को प्लास्टिक में लिपटने से बचाने में सहयोग करें। हमारे पास 1500 स्टील के बर्तनों का सेट है जिसमें स्टील की थालियां, गिलास, गिलासी, चम्मच आदि हैं। हिसार और आसपास के क्षेत्र में इतनी अवेयरनेस आ चुकी है कि अब लोग एडवांस में बर्तन लेने के लिए हमारे पास बुकिंग करवाते हैं और हर रोज दो-तीन जगह बर्तनों की डिलीवरी की जाती है। पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम के साथी डॉ. रमेश भाटी, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र रोहिल्ला, कुलवंत खत्री, चंद्रकांत, सुंदर सैनी, कृष्ण शर्मा, चिराग, महेंद्र भाटिया, भारत भाटिया, जगतार सिंह, मलिक सिंह, गौतम, अजय वर्मा, आनंद वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, बाबूलाल, सुनीता सैनी, मीनाक्षी सैनी, सरिता पाल, नर्सिंग सैनी, रमन सैनी, पुष्पा सैनी, रंजीता सैनी, नितिन बंसल आदि शामिल हैं।